**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 203**

**Series : SS/Annual-2023**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



www.mseducationtv.com

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) 'पतंग' कविता में खरगोश की आँखों जैसा किसे कहा गया है ?

(क) पतंग को (ख) बौछार को

(ग) पतला कागज को (घ) लाल सवेरा को

(ii) परदे की कीमती चीज क्या है ?

(क) चित्र (ख) अभिनय

(ग) शिक्षा (घ) वक्त

(iii) 'उषा' कविता में प्रातःकालीन नीला आकाश किस जैसा बताया गया है ?

(क) केशर (ख) शंख

(ग) सिंदूर (घ) झील

(iv) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि की आत्मा कैसी हो गई है ?

(क) कमजोर (ख) दृढ़

(ग) संवेदनशील (घ) संवेदनहीन

(v) *'नारि हानि विसेष छति नाहीं'* – यह किसने कहा है ?

(क) लक्ष्मण (ख) श्रीराम

(ग) हनुमान (घ) विभीषण

(vi) फिराक़ गोरखपुरी ने किसकी आँखें झपकाने की बात कही है ?

(क) तारों की (ख) लोगों की

(ग) नायिकाओं की (घ) कवि की



www.mseducationtv.com

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

नील जल में या किसी की
गौर झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो।
और ........
जादू टूटता है इस उषा का
सूर्योदय हो रहा है।

**अथवा**

तुझे बुलाता कृषक अधीर,
ऐ विप्लव के वीर !

चूस लिया है उसका सार,
हाड़-मात्र ही है आधार,
ऐ जीवन के पारावार !

**3.** हरिवंश राय बच्चन ***अथवा*** तुलसीदास के जीवन, साहित्य एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 5

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(क) 'पतंग' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) चिड़िया के बच्चे किस आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे ?



www.mseducationtv.com

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(i) किसके ऊपर गहने फेंककर लछमिन ने पिता के चिरविछोह की मर्मव्यथा व्यक्त की ?

(क) पिता पर (ख) सास पर

(ग) जेठानी पर (घ) पति पर

(ii) 'बाजार दर्शन' पाठ में फिजूल सामान को फिजूल समझने वाले लोगों को क्या कहा है ?

(क) मूर्ख (ख) संयमी

(ग) बुद्धिमान (घ) मितव्ययी

(iii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में कुमार-सुधार सभा का उपमंत्री कौन था ?

(क) इन्द्रसेना (ख) लेखक

(ग) लेखक की बहन (घ) लेखक के जीजा

(iv) लुट्टन पहलवान के माता-पिता का स्वर्गवास हुआ तब उसकी आयु कितनी थी ?

(क) 6 वर्ष (ख) 9 वर्ष

(ग) 12 वर्ष (घ) 15 वर्ष

(v) परिस्थितियों ने हमेशा चार्ली को कैसा चरित्र बना दिया ?

(क) बाहरी (ख) आदर्श

(ग) डरपोक (घ) वीर

(vi) 'आप अदीब ठहरीं' – यहाँ 'अदीब' का अर्थ है :

(क) साहित्यकार (ख) निकटतम

(ग) पुलिसकर्मी (घ) माननीय



www.mseducationtv.com

**6.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है, जितना अपने घर में बारी-बारी से आने-जाने वाले अँधेरे-उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना। वे जिस प्रकार एक अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए ही हमें सुख-दुख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र अस्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए है।

**अथवा**

यह शिरीष एक अद्भुत अवधूत है। दुख हो या सुख, वह हार नहीं मानता। न ऊधो का लेना, न माधो का देना। जब धरती और आसमान जलते रहते हैं, तब भी यह हजरत न जाने कहाँ से अपना रस खींचते रहते हैं। मौज में आठों याम मस्त रहते हैं। एक वनस्पतिशास्त्री ने मुझे बताया है कि यह उस श्रेणी का पेड़ है जो वायुमण्डल से अपना रस खींचता है।

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 3 = 9$

(क) भक्तिन के चरित्र की किन्हीं ***तीन*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'काले मेघा पानी दे' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

**8.** ***वितान (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) यशोधर बाबू को भूषण ने उपहार देते समय क्या कहा और उन्हें यह सब कैसा लगा ?



www.mseducationtv.com

(ग) 'जूझ' पाठ में बचपन में लेखक के मन में पढ़ने के प्रति क्या विचार थे ?

(घ) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के कथ्य पर प्रकाश डालिए।

(ङ) ऐन को किस कारण लगा था कि उसकी दुनिया पूरी तरह से उलट-पुलट गई थी ?

**9.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) (i) जनसंचार के आधुनिक माध्यमों में सबसे पुराना माध्यम कौन-सा है ? 1

(ii) भारत की पहली साइट कौन-सी है ? 1

(ख) समाचार कैसे लिखा जाता है ? स्पष्ट कीजिए। 3

(ग) दृश्य-माध्यम की तुलना में श्रव्य-माध्यम की क्या सीमाएँ हैं ? इन्हें किस प्रकार दूर किया जा सकता है ? 5

**अथवा**

नाटक और कहानी में क्या-क्या असमानताएँ हैं ?

**10.** ***'नैतिक शिक्षा'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भगतसिंह व राजगुरु को लाहौर से बाहर निकालने में दुर्गा भाभी ने किस प्रकार मदद की ? 3

(ख) जगदीश चन्द्र बसु द्वारा विद्युत तरंग पर किए गए शोध पर प्रकाश डालिए। 3



www.mseducationtv.com

(ग) सनातन धर्म से क्या अभिप्राय है ? 2

(घ) जब करतार सिंह सराबा पर मुकदमा चला तो उनके क्या बयान थे ? 2

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के *यथानिर्दिष्ट* उत्तर दीजिए :

(क) उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 2

(ख) (i) एकैक, दिगम्बर (संधि-विच्छेद कीजिए)। 1 + 1 = 2

(ii) निः + आमिष (संधि कीजिए)। 1

(ग) (i) द्विगु समास की परिभाषा दीजिए। 1

(ii) राम-कृष्ण, क्रीड़ाक्षेत्र (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)। 1 + 1 = 2

(घ) वाक्य ***शुद्ध*** कीजिए :

(i) तुम मेरे विचार को नहीं सुनते। 1

(ii) यह कहानी सोद्देश्यपूर्ण है। 1



www.mseducationtv.com

**CLASS : 12th** (Sr. Secondary) **Code No. 203**

**Series : SS/Annual-2023**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : B***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



www.mseducationtv.com

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) 'पतंग' कविता में 'कपास' किसका प्रतीक है ?

(क) प्रकाश का (ख) कोमलता का

(ग) शांति का (घ) सफेदी का

(ii) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में कार्यक्रम का उद्देश्य कैसा माना गया है ?

(क) राजनीतिक (ख) आर्थिक

(ग) सामाजिक (घ) धार्मिक

(iii) कवि को किन बादलों की मँडराती कोमलता कष्ट देती है ?

(क) पीड़ा के (ख) ममता के

(ग) जल से भरे (घ) काले

(iv) 'लाल केसर से धुली सिल' किसे कहा गया है ?

(क) आकाश को (ख) तारे को

(ग) धरती को (घ) सूर्य को

(v) लक्ष्मण के पुनर्जीवित होने की बात सुनकर रावण किसके पास जाता है ?

(क) मेघनाद (ख) अहिरावण

(ग) मंदोदरी (घ) कुम्भकरण

(vi) 'बादलराग' कविता में आकांक्षाओं से क्या भरी है ?

(क) रण-तरी (ख) माया

(ग) मानवता (घ) चेतना



www.mseducationtv.com

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

मुझसे मिलने को कौन विकल ?

मैं होऊँ किसके हित चंचल ?

यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में विह्वलता है !

दिन जल्दी-जल्दी ढलता है !

**अथवा**

कल्पना के रसायनों को पी

बीज गल गया निःशेष;

शब्द के अंकुर फूटे,

पल्लव-पुष्पों से नमित हुआ विशेष।

**3.** गजानन माधव मुक्तिबोध ***अथवा*** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के जीवन, साहित्य एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 5

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(क) 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में 'छिपी क्रूरता की कविता है' स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'बादल राग' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।



www.mseducationtv.com

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(i) लछमिन का विवाह किस गाँव में हुआ ?

(क) झूँसी (ख) हँडिया

(ग) श्योपुर (घ) महिषादल

(ii) 'बाजार दर्शन' पाठ में मित्र ने लेखक के सामने अपना क्या फैला दिया ?

(क) मनी बैग (ख) थैला

(ग) अँचल (घ) हाथ

(iii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक में बचपन के कैसे संस्कार थे ?

(क) सनातन धर्मी (ख) कबीर पंथी

(ग) आर्य समाजी (घ) जैन धर्म के

(iv) शेर के टायटिल से जाना जाने वाला पहलवान का असली नाम क्या था ?

(क) मनकू (ख) लुट्टन

(ग) चाँदसिंह (घ) बादलसिंह

(v) चैप्लिन की कला कितनी पीढ़ियों को मुग्ध कर चुकी है ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच

(vi) पुराने कवि किस पेड़ को दोलाओं में लगा देखना चाहते थे ?

(क) शिरीष (ख) आम

(ग) बकुल (घ) अशोक



www.mseducationtv.com

**6.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

दूसरे दिन तड़के ही सिर पर कई लोटे औंधाकर उसने मेरी धुली धोती जल के छींटों से पवित्र कर पहनी और पूर्व के अंधकार और मेरी दीवार से फूटते हुए सूर्य और पीपल का, दो लोटे जल से अभिनंदन किया। दो मिनट नाक दबाकर जप करने के उपरांत जब वह कोयले की मोटी रेखा से अपने साम्राज्य की सीमा निश्चित कर चौके में प्रतिष्ठित हुई, तब मैंने समझ लिया कि इस सेवक का साथ टेढ़ी खीर है।

**अथवा**

गमनागमन की स्वाधीनता, जीवन तथा शारीरिक सुरक्षा की स्वाधीनता के अर्थों में शायद ही कोई 'स्वतन्त्रता' का विरोध करे। इसी प्रकार सम्पत्ति के अधिकार, जीविकोपार्जन के लिए आवश्यक औजार व सामग्री रखने के अधिकार जिससे शरीर को स्वस्थ रखा जा सके, के अर्थ में भी 'स्वतन्त्रता' पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती। तो फिर मनुष्य की शक्ति के सक्षम एवं प्रभावशाली प्रयोग की भी स्वतन्त्रता क्यों न प्रदान की जाए ?

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 3 = 9$

(क) 'नमक' कहानी का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) चार्ली सबसे ज्यादा स्वयं पर कब हँसता है ?

(ग) 'पहलवान की ढोलक' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

**8.** *वितान (भाग - 2)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'सिल्वर वैडिंग' पार्टी में यशोधर बाबू ने केक एवं लड्डू क्यों नहीं खाए ?

(ख) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी में गिरीश कौन है ? आप उसके बारे में क्या जानते हैं ?



www.mseducationtv.com

(ग) 'जूझ' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) सिंधु घाटी सभ्यता के कोठारों के बारे में लेखक के क्या विचार थे ?

(ङ) अज्ञातवास के दौरान ऐन और वान के परिजन बिजली क्यों नहीं जलाते थे ?

**9.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) (i) विश्व स्तर पर इंटरनेट पत्रकारिता का दूसरा दौर कब से कब तक चला ? 1

(ii) अंशकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ? 1

(ख) 'परीक्षा के दिन' विषय पर एक लेख-लिखिए। 3

(ग) विशेष लेखन से क्या अभिप्राय है ? यह क्यों लिखा जाता है ? 5

**अथवा**

कहानी के नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है ?

**10.** ***'नैतिक शिक्षा'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) साण्डर्स वध के बाद सुखदेव द्वारा क्रांतिकारियों को सहयोग देने के प्रश्न पर दुर्गा भाभी ने क्या विचार व्यक्त किए ? 3

(ख) महात्मा बुद्ध के अष्टमार्ग का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। 3



www.mseducationtv.com

(ग) अनागत विधाता नामक मछली की क्या विशेषताएँ थीं ? 2

(घ) अस्वच्छता से क्या हानियाँ हैं ? 2

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के *यथानिर्दिष्ट* उत्तर दीजिए :

(क) यमक अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 2

(ख) (i) उद्घाटन, यथेष्ट (संधि-विच्छेद कीजिए)। 1 + 1 = 2

(ii) निः + उपम (संधि कीजिए)। 1

(ग) (i) अव्ययीभाव समास की परिभाषा दीजिए। 1

(ii) जन्मभूमि, लम्बोदर (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)। 1 + 1 = 2

(घ) वाक्य *शुद्ध* कीजिए :

(i) वर्षा ऋतु में गरीबों को जलाने के लिए लकड़ियाँ नहीं मिलती। 1

(ii) लोग परस्पर आपस में लड़ते रहते हैं। 1



www.mseducationtv.com

**CLASS : 12th** (Sr. Secondary) **Code No. 203**

**Series : SS/Annual-2023**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : C***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्‌ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्‌धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



www.mseducationtv.com

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) 'पतंग' कविता में दौड़ते बच्चे दिशाओं को किसकी तरह बजाते हैं ?

(क) ढोल (ख) वीणा

(ग) बाँसुरी (घ) मृदंग

(ii) कैमरे वाला किन्हें साथ-साथ रुलाना चाहता है ?

(क) नायक-नायिका (ख) पाठक-कवि

(ग) अपाहिज-दर्शक (घ) कवि-कविता

(iii) *'तुमसे ही परिवेष्टित आच्छादित रहने का रमणीय यह उजेला'* – यहाँ 'आच्छादित' का अर्थ है :

(क) ढका हुआ (ख) छेदा हुआ

(ग) घिरा हुआ (घ) तुच्छ

(iv) उषा का जादू किससे टूटने की बात कही गई है ?

(क) लाल केसर से (ख) भोर के नभ से

(ग) सूर्योदय से (घ) वर्षा से

(v) *'सहेहु विपिन हिम आतप बाता'* – यहाँ 'बाता' का अर्थ है :

(क) बातचीत (ख) गर्मी

(ग) हवा (घ) शीतलता

(vi) किस्मत हमें रोती है तो किस्मत को कौन रोता है ?

(क) हम (ख) दूसरे

(ग) सभी (घ) त्रस्त



www.mseducationtv.com

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था

जोर जबरदस्ती से

बात की चूड़ी मर गई

और वह भाषा में बेकार घूमने लगी !

**अथवा**

हौले हौले जाती मुझे बाँध निज माया से।

उसे कोई तनिक रोक रक्खो।

वह तो चुराए लिए जाती मेरी आँखें

नभ में पाँती-बँधी बगुलों की पाँखें।

**3.** हरिवंश राय बच्चन ***अथवा*** तुलसीदास के जीवन, साहित्य एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 5

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(क) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' गीत का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) *'मेरा परदा खोले हैं या अपना परदा खोले हैं'* – यहाँ 'परदा खोलने' से क्या अभिप्राय है ?



www.mseducationtv.com

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(i) शास्त्र का प्रश्न भक्तिन किसकी सुविधा के अनुसार सुलझा लेती थी ?

(क) पुराणों की (ख) दूसरों की

(ग) अपनी (घ) मालकिन की

(ii) लेखक ने चूरनवाले को 'अकिंचित्कर' कहा है, जिसका अर्थ है :

(क) ठग (ख) भिखारी

(ग) अर्थहीन (घ) व्यापारी

(iii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में वर्षा के बादलों का स्वामी किसे कहा है ?

(क) श्रीकृष्ण (ख) वरुण

(ग) इन्द्र (घ) जलदेवता

(iv) लुट्टन पहलवान के माता-पिता उसे कितने वर्षों की आयु में अनाथ बनाकर चल बसे ?

(क) 5 वर्ष (ख) 7 वर्ष

(ग) 9 वर्ष (घ) 11 वर्ष

(v) किस ग्रंथ में बताया गया है कि वाटिका के सघन छायादार वृक्षों की छाया में ही झूला (प्रेक्षा दोला) लगाया जाना चाहिए ?

(क) कामसूत्र (ख) ऋग्वेद

(ग) मेघदूत (घ) सूरसागर

(vi) आम्बेडकर ने भाईचारे के वास्तविक रूप को किसके मिश्रण की भाँति बताया है ?

(क) घी-दूध (ख) दही-मक्खन

(ग) आटा-नमक (घ) दूध-पानी



www.mseducationtv.com

**6.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं ? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते हैं ?

**अथवा**

फिर उन्होंने मेज की दराज खींची और उसमें अंदर दूर तक हाथ डालकर एक किताब निकाली। किताब को सफिया के सामने रखकर उन्होंने पहला सफ़ा खोल दिया। बाईं ओर नजरुल इस्लाम की तसवीर थी और टाइटल वाले सफ़े पर अंग्रेजी के कुछ धुँधले शब्द थे – "शमसुलइसलाम की तरफ से सुनील दास गुप्ता को प्यार के साथ, ढाका 1946"

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 3 = 9$

(क) 'नमक' कहानी में सिख बीबी को देखकर सफिया हैरान क्यों रह गई ?

(ख) भक्तिन के परिवार के बारे में आप क्या जानते हैं ?

(ग) 'बाजार दर्शन' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

**8.** *वितान (भाग - 2)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) यशोधर बाबू को भूषण ने उपहार देते समय क्या कहा और उन्हें यह सब कैसा लगा ?



www.mseducationtv.com

(ग) 'जूझ' पाठ में खेत में काम करते समय लेखक का अकेलापन कैसे दूर हो गया था ?

(घ) मुअनजो-दड़ो को लेखक ने नगर-नियोजन की अनूठी मिसाल क्यों कहा है ?

(ङ) 'डायरी के पन्ने' पाठ के माध्यम से लेखिका क्या संदेश देना चाहती है ?

**9.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) (i) किसी खास विषय पर सामान्य से हटकर किया गया लेखन क्या कहलाता है ? 1

(ii) फ्रीलांसर पत्रकार किसे कहते हैं ? 1

(ख) समाचार कैसे लिखा जाता है ? स्पष्ट कीजिए। 3

(ग) रेडियो नाटक की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

**अथवा**

नये और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन में कौन-कौन-सी बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है ?

**10.** ***'नैतिक शिक्षा'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) मदनलाल ढींगरा के मन में देश के प्रति क्या भाव थे ? 3

(ख) गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार राम के बाल चरित का वर्णन कीजिए। 3



www.mseducationtv.com

(ग) गीता में किस-किस का अद्‌भुत संगम है ? 2

(घ) हेमू ने आदिलशाह के राज्य की सुरक्षा किन-किन विद्रोहियों से की ? 2

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) मानवीकरण अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 2

(ख) (i) उच्चारण, गंगोर्मि (संधि-विच्छेद कीजिए)। 1 + 1 = 2

(ii) दिक् + गज (संधि कीजिए)। 1

(ग) (i) तत्पुरुष समास की परिभाषा दीजिए। 1

(ii) हररोज, जल-थल (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)। 1 + 1 = 2

(घ) वाक्य ***शुद्‌ध*** कीजिए :

(i) वह लब्धप्रतिष्ठित व्यक्ति है। 1

(ii) सावित्री पतिव्रता नारी थी। 1



www.mseducationtv.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 203**

**Series : SS/Annual-2023**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



www.mseducationtv.com

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *उचित* विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(i) 'पतंग' कविता में लाल सवेरा को कैसा कहा गया है ?

(क) खरगोश की आँखों जैसा (ख) उजाला जैसा

(ग) कपास जैसा (घ) चमकीला जैसा

(ii) 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में छिपी किसकी कविता है ?

(क) दया की (ख) परोपकार की

(ग) वात्सल्य की (घ) क्रूरता की

(iii) ममता के बादल की मँडराती कोमलता कहाँ पिराती है ?

(क) बाहर (ख) चारों ओर

(ग) भीतर (घ) सर्वत्र

(iv) 'उषा' कविता में किस रंग की खड़ियाचाक मलने की बात कही है ?

(क) नीली (ख) पीली

(ग) सफेद (घ) लाल

(v) *'हरषे सकल भालु कपि ब्राता'* – यहाँ 'ब्राता' का अर्थ है :

(क) बात (ख) भाई

(ग) समूह (घ) बाराती

(vi) आतंक-अंक पर कौन काँप रहे हैं ?

(क) किसान (ख) कमजोर

(ग) मजदूर (घ) धनी



www.mseducationtv.com

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

बात ने, जो एक शरारती बच्चे की तरह

मुझसे खेल रही थी

मुझे पसीना पोंछते देखकर पूछा –

"क्या तुमने भाषा को

सहूलियत से बरतना कभी नहीं सीखा ?"

**अथवा**

कल्पना के रसायनों को पी

बीज गल गया निःशेष;

शब्द के अंकुर फूटे,

पल्लव-पुष्पों से नमित हुआ विशेष।

**3.** गजानन माधव मुक्तिबोध ***अथवा*** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के जीवन, साहित्य एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 5

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(क) 'उषा' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में प्रयुक्त 'ममता के बादल' पर टिप्पणी कीजिए।



www.mseducationtv.com

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(i) 'भक्तिन' पाठ में प्रयुक्त 'जिठौत' शब्द का अर्थ है :

(क) जेठ (ख) बड़ा पुत्र

(ग) जेठ का पुत्र (घ) जेठानी का भाई

(ii) बाजार की असली कृतार्थता किसे कहा है ?

(क) कमाई को (ख) लूटने को

(ग) पर्चेजिंग पावर को (घ) आवश्यकता के समय काम आने को

(iii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक किस सभा का उपमंत्री था ?

(क) ग्राम-सुधार सभा का (ख) कुमार-सुधार सभा का

(ग) आर्य समाज का (घ) मेंढक मण्डली का

(iv) लुट्टन पहलवान ने चाँदसिंह को कहाँ के दंगल में हराया ?

(क) जामनगर (ख) श्यामनगर

(ग) भावनगर (घ) चाँदनगर

(v) 'दोस्तों, अजीजों की यह हालत' – यहाँ 'अजीज' का अर्थ है ?

(क) जीजा (ख) मेहमान

(ग) मित्र (घ) प्रिय

(vi) आम्बेडकर ने दूध और पानी के मिश्रण की तुलना किससे की है ?

(क) स्वतंत्रता से (ख) समता से

(ग) सम्पन्नता से (घ) भाईचारे से



www.mseducationtv.com

**6.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

दो सेर रसगुल्ला को उदरस्थ करके, मुँह में आठ-दस पान की गिलोरियाँ ठूँस, ठुड्डी को पान के रस से लाल करते हुए अपनी चाल से मेले में घूमता। मेले से दरबार लौटने के समय उसकी अजीब हुलिया रहती-आँखों पर रंगीन अबरख का चश्मा, हाथ में खिलौने को नचाता और मुँह से पीतल की सीटी बजाता, हँसता हुआ वह वापस जाता।

**अथवा**

भारतीय कला और सौंदर्यशास्त्र को कई रसों का पता है, उनमें से कुछ रसों का किसी कलाकृति में साथ-साथ पाया जाना श्रेयस्कर भी माना गया है, जीवन में हर्ष और विषाद आते रहते हैं यह संसार की सारी सांस्कृतिक परंपराओं को मालूम है, लेकिन करुणा का हास्य में बदल जाना एक ऐसे रस-सिद्धांत की माँग करता है जो भारतीय परंपराओं में नहीं मिलता।

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 3 = 9$

(क) 'नमक' कहानी का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत (संन्यासी) की तरह क्यों माना है ?

(ग) बचपन की किन दो घटनाओं ने चैप्लिन पर गहरा एवं स्थायी प्रभाव डाला ?

**8.** ***वितान (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) सिल्वर वैडिंग पार्टी में यशोधर बाबू ने केक एवं लड्डू क्यों नहीं खाए ?

(ख) यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल कैसे होती है ?



www.mseducationtv.com

(ग) 'जूझ' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) सिंधु-घाटी-क्षेत्र में सर्दियों में वातावरण कैसा होता है ?

(ङ) हिटलर और सैनिकों के बीच रेडियो पर प्रसारित सम्वाद का वर्णन कीजिए।

**9.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) (i) रेडियो नाटक किस प्रकार का माध्यम है ? 1

(ii) भारत में पहला छापाखाना कब और कहाँ खुला ? 1

(ख) फीचर से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे लिखा जाता है ? 3

(ग) कहानी के नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार की मुख्य समस्या का सामना करना पड़ता है ? 5

**अथवा**

समाचार लेखन के ***छह*** ककारों के बारे में संक्षेप में लिखिए।

**10.** ***'नैतिक शिक्षा'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है ? 3

(ख) महात्मा बुद्ध के अष्टमार्ग का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। 3



www.mseducationtv.com

(ग) भर्तृहरि ने भक्तिहीन पुरुष को निंदनीय क्यों माना है ? 2

(घ) अस्वच्छता की क्या हानियाँ हैं ? 2

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के *यथानिर्दिष्ट* उत्तर दीजिए :

(क) रूपक अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 2

(ख) (i) तन्मय, तपोभूमि (संधि-विच्छेद कीजिए)। 1 + 1 = 2

(ii) दुः + प्रवृत्ति (संधि कीजिए)। 1

(ग) (i) द्वन्द्व समास की परिभाषा दीजिए। 1

(ii) नीलकमल, भरपेट (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)। 1 + 1 = 2

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए :

(i) लड़की कितनी सुंदर गाती है। 1

(ii) मंत्री ने सरकार की उपलब्धताएँ गिनवाई। 1



www.mseducationtv.com